# विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रमुख समाचारों की क्लिपिंग्स

## Thursday, 08 December 2022

उत्तर प्रदेश

## निरीक्षा शाखा

## सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

दैनिक हिन्दुस्तान लखनऊ

### ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट: फ्रेंकफर्ट से शुरू होकर पेरिस में खत्म होगा रोड शो, मौर्य, जितिन व नंदी करेंगे अगुवाई

# यूपी में निवेश का विदेश में बनेगा माहौल

**18** देशों में किया जाएगा रोड शो, अगले साल 10 से 12 फरवरी तक होगी इन्वेस्टर्स समिट

- मंत्रियों से लेकर अधिकारियों तक समिट को यादगार बनाने में जुटेंगे



### रोड शो का कार्यक्रम

- जर्मनी के शहर फ्रेंकफर्ट में 9 दिसंबर को आयोजित होगा पहला रोड शो
- बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में 12 को, तो स्वीडन के स्टॉकहोम में 14 को होगा आयोजन
- 16 को नीदरलैंड्स के द हेग में और 19 को फ्रांस के पेरिस में भी होगा रोड शो
- विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों और सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश में निवेश पर होगी चर्चा

### पेरिस में रोड शो का समापन

अंत में फ्रांस की राजधानी पेरिस में रोड शो के साथ इन आयोजनों का समापन हो जाएगा। पेरिस के इंटरकॉन्टिनेंटल ग्रांड में 19 दिसंबर को शाम 6 बजे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और आईटी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में यूपी की टीम विभिन्न कंपनियों और सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी करेगी। इन बैठकों में दसॉल्ट, एयर लिक्विड समेत फ्रांस के कृषि, वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री सम्मिलित होंगे।

### डिप्टी सीएम नीदरलैंड्स में करेंगे रोड शो

16 दिसंबर को ही उत्तर प्रदेश का दूसरा प्रतिनिधिमंडल नीदरलैंड्स के शहर द हेग में शाम 4 बजे रोड शो करेगा। इस रोड शो की अगुवाई डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य एवं आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय करेंगे। इसमें किरेमको, टेरावोर्क्स, जीसी-बीवी, टोलसमा जैसी विदेशी कंपनियों के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त कृषि, रक्षा एवं अवस्थापना मंत्रालय के मंत्री व अधिकारी बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### स्वीडन से भी निवेश पर चर्चा

स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम के होटल शेरेटन में 14 दिसंबर को शाम 4.30 बजे रोड शो कम ट्रेड शो का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से इलेक्ट्रॉनिक, रक्षा, टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल व ईवी, नवीनीकरण ऊर्जा, फार्मा व केमिकल्स, स्टार्टअप (उद्यम पूंजीपतियों), कूड़ा प्रबंधन और परिवहन जैसे क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगा। बैठक में स्वीडिश सरकार के विदेश मंत्रालय के अधीन विदेशी ट्रेड, निर्यात और निवेश प्रोत्साहन के उप मंत्री भी उपस्थित रहेंगे।

**लखनऊ-विशेष संवाददाता।** लखनऊ में अगले साल 10 से 12 फरवरी के मध्य होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर योगी सरकार के मंत्री और अधिकारी 18 देशों में रोड शो करने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बनी टीमें जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन, बेल्जियम और नीदरलैंड्स समेत कई अन्य देशों का दौरा कर वहां की सरकारों और बड़ी कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगी। रोड शो जर्मनी के शहर फ्रैंकफर्ट से 9 दिसंबर को शुरू होगा और फ्रांस की राजधानी पेरिस में इसका समापन होगा।

विदेशों में रोड शो के लिए कई टीम बनाई गई हैं। इनमें एक टीम की अगुवाई डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और आईटी मिनिस्टर योगेंद्र उपाध्याय करेंगे तो वहीं दूसरी टीम को औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद लीड करेंगे। इन मंत्रियों के साथ विभिन्न विभागों और इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों की टीम भी रहेगी।

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पहला रोड शो जर्मनी के शहर फ्रेंकफर्ट में होगा। यह कार्यक्रम फ्रेंकफर्ट के होटल कैपिंस्की में 9 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी बैठक सत्रों का आयोजन करेंगे, जिनमें प्रमुख रूप से ऑटोमोबाइल एवं ईवी, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक, स्टार्टअप (उद्यम पूंजीपतियों), जैसे क्षेत्रों में निवेश पर चर्चा की जाएगी। बैठक में कॉन्टिनेंटल एजी, जाक टेक्नोलॉजीज जीएमबीएच, फिज फ्रैंकफर्ट इनोवेशन जेंटरम जैसी विदेशी कंपनियों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। इसमें अपर प्रमुख सचिव, खेल नवनीत सहगल, आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी, सचिव एमएसएमई प्रांजल यादव उपस्थित रहेंगे।

**12 दिसंबर को ब्रुसेल्स में होगा रोड शो :** दूसरा रोड शो बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स के होटल डबल ट्री बाई हिल्टन में 12 दिसंबर को होगा। बैठकों में प्रमुख रूप से कपड़ा एवं परिधान, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल एवं ईवी, नवीनीकरण ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक, स्टार्टअप (उद्यम पूंजीपतियों), फार्मा एवं केमिकल्स और कूड़ा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में निवेश के अवसर पर चर्चा होगी।

इस बैठक में प्रमुख रूप से बेल्जियम के विदेश मंत्रालय के द्विपक्षीय सबंधों के महानिदेशक समेत जेमिनी कोऑपरेशन एनवी जैसी कंपनियों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर प्रवासी भारतीयों के साथ एक सत्र आयोजित किए जाने की भी संभावना है। इसमें भी निवेश पर चर्चा के आसार हैं।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दैनिक जागरण लखनऊ

# 18 देशों में रोड शो के लिए अब शुरू होंगे मंत्रियों के विदेश दौरे

- **जर्मनी के शहर फ्रैंकफर्ट में कल होगा पहला रोड शो**
- **विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना कनाडा के लिए रवाना**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** अगले वर्ष 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित किए जाने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दृष्टिगत उप्र की ब्रांडिंग के लिए राज्य सरकार के मंत्री और शासन के अधिकारी प्रदेश में निवेश जुटाने 18 देशों में रोड शो करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंत्रियों और अफसरों की टीमें विदेश का दौरा करके वहां की सरकारों और बड़ी कंपनियों को उप्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगी। उप्र की ब्रांडिंग के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बुधवार को कनाडा के लिए रवाना हो गए। ज्यादातर मंत्रियों के विदेश दौरे नौ दिसंबर से शुरू होंगे।

पहला रोड शो जर्मनी के शहर फ्रैंकफर्ट के होटल कैंपिंस्की में नौ दिसंबर को होगा। रोड शो में सम्मिलित होने वाले प्रतिनिधि मंडल की अध्यक्षता औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता व लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद करेंगे। इसमें अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल, आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी, सचिव, एमएसएमई प्रांजल यादव उपस्थित रहेंगे। दूसरा रोड शो बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स के होटल डबल ट्री बाई हिल्टन में 12 दिसंबर को होगा। इसमें भी प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता औद्योगिक विकास मंत्री और लोनिवि मंत्री करेंगे। यह प्रतिनिधिमंडल स्वीडन की राजधानी स्टाकहोम पहुंचेगा जहां 14 दिसंबर को होटल शेरेटन में रोड शो व ट्रेड शो होगा। 16 दिसंबर को ही दूसरा प्रतिनिधिमंडल नीदरलैंड्स के शहर हेग में रोड शो करेगा। इसकी अगुआई केशव प्रसाद मौर्य व आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय करेंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण, प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू, प्रबंध निदेशक पिकप पीयूष वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव शशांक त्रिपाठी और वित्त नियंत्रक इन्वेस्ट यूपी विश्वजीत राय उपस्थित रहेंगे। फ्रांस की राजधानी पेरिस में रोड शो के साथ इन आयोजनों का समापन होगा। पेरिस के इंटरकान्टिनेंटल ग्रांड में 19 दिसंबर को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और आइटी मंत्री की अध्यक्षता में उप्र की टीम विभिन्न कंपनियों और सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी करेगी।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 नवभारत टाइम्स लखनऊ

# रोड शो कल से, जर्मनी से की जाएगी शुरुआत

## इन्वेस्टर्स समिट में निवेश जुटाने की तैयारी

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ

फरवरी, 2023 में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेश जुटाने के लिए 9 दिसंबर से विदेश में रोड शो शुरू होंगे। विदेश में होने वाले रोड शो की शुरुआत जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर से होगी। फ्रैंकफर्ट में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद रोड शो करेंगे।

रोड शो का आयोजन जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन, बेल्जियम और नीदरलैंड्स समेत कई देशों में किया जाएगा। अलग-अलग देशों में रोड शो के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। रोड शो के दौरान विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ मंत्रियों और अधिकारियों की मुलाकात होगी। इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह कनाडा और अमेरिका में रोड शो करेंगे।

**केशव भी हिस्सा :** 16 दिसंबर को दूसरा प्रतिनिधिमंडल नीदरलैंड्स के शहर द हेग में रोड शो करेगा। इस रोड शो की अगुआई डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य एवं आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय करेंगे। बैठकों में ऊर्जा, ईवी निर्माण, आधारभूत संरचना, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, रक्षा, इंजिनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी, निर्माण, कृषि उपकरण, जल प्रबंधन और ग्रीनहाउस तकनीक जैसे क्षेत्रों में निवेश पर चर्चा होगी।

दै0 टाइम्स ऑफ़ इंडिया लखनऊ

# 8 teams begin tour to pitch UP in global roadshows

Shailvee.Sharda
@timesgroup.com

**Lucknow:** Eight delegations embarked on the journey to attract investment for UP through the UP Global Investor Summit roadshows from Friday, with some ministers leaving for New Delhi on Wednesday to board international flights. In all, they would travel to 20 cities across 16 countries and meet possible investors and also apprise them of the business potential in the state. The delegations would also extend invitations to business communities.

**In all, they would travel to 20 cities across 16 countries and meet possible investors and also apprise them of the business potential in the state. The delegations would also extend invitations to business communities**

Speaker Satish Mahana, deputy CMs Brijesh Pathak and Keshav Maurya, finance minister Suresh Khanna and industry minister Nand Gopal Gupta Nandi, besides eight other senior ministers will lead the roadshow.

▶**Attract investment, P9**

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 हिंदुस्तान टाइम्स लखनऊ

# U.P. sets date with globe, 1st road show in Frankfurt on Dec 9

## State government's delegations to hold road shows in nearly 18 countries

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**LUCKNOW:** The Uttar Pradesh government's delegations are set to travel across the globe for about 10 days, holding road shows in nearly 18 countries from December 9 to attract investment to the state ahead of the Global Investors Summit-2023. As the first road show is scheduled at Frankfurt in Germany on December 9, the teams have already begun leaving the state capital for their respective destinations. Brussels, Belgium, will have a road show on December 12 and Stockholm in Sweden one on December 14. The Hague, Netherlands and Paris, France, will have road shows on December 16 and 19 respectively.

Besides deputy chief ministers Keshav Prasad Maurya and Brajesh Pathak, Uttar Pradesh assembly speaker Satish Mahana and senior ministers, including minister for industry Nand Gopal Gupta 'Nandi', are among those leading the delegations for holding road shows at different places.

"I worked as minister for industry when Uttar Pradesh Investors Summit-2018 was organised. We had planned an investors summit in October-November 2020. This, unfortunately, could not be organised due to Covid-19. Chief minister Yogi Adityanath advised me join the delegations going to attract investment ahead of Global Investors Summit-2023 and I am going to Canada and USA," said Mahana on the phone from New Delhi before leaving for his tour.

Minister for finance Suresh Khanna would also leave for New Delhi to undertake his journey to the USA and the UK. Deputy chief minister Brajesh Pathak, along with minister for fisheries Sanjay Nishad, is leaving for Mexico, Brazil and Argentina to attract investment. Minister for industry Nand Gopal Gupta Nandi and PWD Minister Jitin Prasad will jointly lead another team. BJP lawmaker and former UP minister Sidharth Nath Singh has also been drafted into the campaign to attract global investors to the state. Singh would visit New York and San Francisco between December 9 and 15. Deputy CM Keshav Prasad Maurya will have minister for Information Technology Yogendra Upadhyay in the team scheduled to hold a road show at The Hague on December 16 and in Paris on December 19.

**OTHER DESTINATIONS**

Brussels, Belgium, will have a road show on December 12 and Stockholm in Sweden will have one on December 14. The Hague, Netherlands and Paris, France, will have road shows on December 16 and 19 respectively.

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दैनिक जागरण लखनऊ

# लोकल से ग्लोबल की मुहिम ने पकड़ा जोर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उत्पादों की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में जुटी सरकार की लोकल से ग्लोबल की मुहिम तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रदेश के उत्पाद विश्व में न सिर्फ अपनी जगह बना रहे हैं बल्कि इसकी ग्रोथ में भी गुणात्मक वृद्धि देखी जा रही है। लगातार निर्यात के बढ़ते आंकड़े इसकी पुष्टि कर रहे हैं।

निर्यात के मामले में यूपी देश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। यूपी ने आंध्र प्रदेश को एक पायदान नीचे भी खिसकाकर पांचवें नंबर पर जगह बनाई है। इस वित्तीय वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर) में यूपी का निर्यात 88,665 करोड़ रुपये का रहा, जो कि गत वित्तीय वर्ष की समान अवधि (69,766 करोड़) से 27 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शा रहा है। पिछले पांच वर्षों के निर्यात में दोगुने की वृद्धि देखने को मिली है। वर्ष 2017-18 में यूपी का कुल



● वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में 88,665 करोड़ पहुंचा निर्यात का आंकड़ा

निर्यात 88,967 करोड़ का था जो कि गत वित्तीय वर्ष तक 1,56,897 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। आयुक्त एवं निदेशक उद्योग मयूर महेश्वरी कहते हैं कि एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की ओर यूपी बढ़ रहा है। हमारा बढ़ता एक्सपोर्ट इसकी पुष्टि कर रहा है। हर जिले का अपना एक्सपोर्ट प्लान है और प्रत्येक जिले में निर्यात की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। मुख्यमंत्री की लोकल से ग्लोबल की थीम और ओडीओपी की पहल ने निर्यात को और गति दी है।

## कुछ ऐसे बढ़ रहा निर्यात

| वर्ष | निर्यात (करोड़ रुपये में) |
|---|---|
| 2017-18 | 88,967 |
| 2018-19 | 1,14,057 |
| 2019-20 | 1,20,356 |
| 2020-21 | 1,21,140 |
| 2021-22 | 1,56,897 |
| 2022-23 (सितंबर तक) | 88,665 |

## इन सेक्टर में देखी जा रही सर्वाधिक ग्रोथ

विद्युत मशीनरी, उपकरण और उसके पुर्जे, वाहन और पुर्जे, जूते और इससे संबंधित उत्पाद, हस्तशिल्प, हथकरघा समेत अन्य उत्पाद, परिधान और कपड़ों की वस्तुएं, लकड़ी की वस्तुएं, जैविक रसायन, खनिज ईंधन और खनिज तेल, अनाज, एल्यूमीनियम और इससे बनी वस्तुएं।

# दैनिक हिन्दुस्तान लखनऊ

# तैयारी: पांच साल तक के बच्चों की गिनती होगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी में शून्य से पांच साल तक के बच्चों की गिनती की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग इसके लिए हेड काउंट सर्वे कराने जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश के बाद प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी सीएमओ को इसके लिए आदेश जारी किया है। ऐसा प्रदेश में खसरा और रूबेला के साथ ही नियमित टीकाकरण को ढर्रे पर लाने के लिए किया जा रहा है। टीकाकरण के लिए प्रदेशभर में जनवरी, फरवरी और मार्च में विशेष टीकाकरण पखवाड़े आयोजित किए जाएंगे। कोरोना ने यूपी सहित तमाम राज्यों में नियमित टीकाकरण को बेपटरी कर दिया है। नतीजा यह है कि कई राज्यों में खसरा और रूबेला के तमाम केस मिल रहे हैं। संवेदनशीलता के मामले में यूपी देश में सबसे ऊपर है। सिर्फ खसरा और रूबेला ही नहीं बच्चों का बाकी टीकाकरण भी तय समय पर नहीं हो पा रहा। अब इसे सुधारने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाने का फैसला किया गया है।



## टीकाकरण को ढर्रे पर लाने में जुटी सरकार

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिए हैं कि पांच साल के तक बच्चों को एमआर की दो डोज सहित अन्य वैक्सीन की छूटी हुई डोज दी जानी है। टीकाकरण का आंकड़ा 95 फीसदी से अधिक करना है। इसके लिए आगामी तीन माह में प्रदेश के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पांच साल तक के बच्चों का हेड काउंट सर्वे कर उनकी टीकाकरण की स्थित देखनी है। तय प्रारूप पर इसकी रिपोर्ट ई-कवच पोर्टल पर अपडेट की जाएगी। यह काम 17 दिसंबर तक पूरा किया जाना है। आशा, आंगनबाड़ी, शहरी मोबिलाइजर, लिंक वर्कर यह सर्वे घर-घर जाकर करेंगे। हर घर पर मार्किंग की जाएगी। फिर छूटे हुए बच्चों का माइक्रो प्लान के हिसाब से टीकाकरण किया जाएगा।

**तीन विशेष टीकाकरण पखवाड़े होंगे:** छूटे हुए बच्चों के लिए प्रदेशभर में तीन विशेष टीकाकरण पखवाड़े आयोजित किए जाएंगे। इनमें पहला पखवाड़ा 9 से 20 जनवरी के मध्य, दूसरा 13 से 24 फरवरी के बीच और तीसरा 13 से 24 मार्च तक आयोजित होगा। यह विशेष पखवाड़े टीकाकरण के नियमित आयोजित होने वाले सत्रों से अलग होंगे।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दैनिक हिन्दुस्तान लखनऊ

# मेधावी ओबीसी छात्रों को मिलेगा मुख्यमंत्री पुरस्कार

- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाएगी
- कंप्यूटर प्रशिक्षण का लाभ बच्चों को दिलाने के निर्देश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्य सरकार यूपी बोर्ड के मेधावी ओबीसी छात्रों के लिए जल्द मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना शुरू करने जा रही है। इसके साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी डिजिटल रूप से कराई जाएगी।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बुधवार को समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिए। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण की कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना से रोजगार पाने वाले या आत्मनिर्भर बनने वाले युवाओं की सूची बनाई जाए। कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना का लाभ अधिक से अधिक बच्चों को मिले इसके लिए बजट का प्रस्ताव भेजा जाए। दिव्यांगजनों के द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाए और उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाए। उन्होंने कहा कि डा. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में दिव्यांगजनों छात्रों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराने पर जोर दिया।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दैनिक हिन्दुस्तान लखनऊ

# कृषि क्षेत्र के लिए 100 करोड़ मंजूर

लखनऊ। राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र की बेहतरी और उपकरणों के लिए 100 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाहरी ने बताया कि इस राशि से कृषि से जुड़े काम कराए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि मृदा एवं जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, नेशनल मिशन फार सस्टेनेबल एग्रीकल्चर योजना के अंतर्गत परंरागत कृषि विकास योजना के लिए 13 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। अनुसूचित जाति घटक में 1.29 करोड़, नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एंड टेक्नालॉजी योजना में 48.01 करोड़, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन में 12.85 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

दैनिक जागरण लखनऊ

# सीएम के सलाहकार एनेक्सी के पांचवें तल पर बैठेंगे

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकारों को सचिवालय एनेक्सी के पांचवें तल पर कार्यालय कक्ष आवंटित किए गए हैं। इनके लिए योजना भवन के चौथे तल पर कक्ष बनाए जा रहे हैं। तब तक उनका कार्यालय सचिवालय एनेक्सी में होगा। यहां मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, आर्थिक सलाहकार केवी राजू, शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह और खाद्य एवं औषधि प्रशासन सलाहकार डा.जीएन सिंह के कार्यालय होंगे। (राब्यू)

दैनिक जागरण लखनऊ

# यूपी बोर्ड की परीक्षा बार कोड और मोनोग्राम लगी कापियों से होगी

राज्य, प्रयागराज: यूपी बोर्ड ने वर्ष 2023 में होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में नकल माफिया पर वार करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है।

इस परीक्षा में परीक्षार्थियों को दी जाने वाली उत्तरपुस्तिकाओं (कापियों) पर बार कोड और माध्यमिक शिक्षा परिषद का मोनोग्राम लगाए जाने की तैयारी है। ऐसा पहली बार किया जा रहा है। इससे परीक्षा केंद्रों पर उत्तरपुस्तिकाओं में हेरफेर करने व बाहर से लिखकर उत्तरपुस्तिकाएं जमा करने के नकल माफिया के मंसूबे विफल हो जाएंगे। यूपी बोर्ड पूर्व की परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए नित नए कदम उठा रहा है। पूर्व के वर्षों की परीक्षाओं के दौरान केंद्र के बाहर उत्तरपुस्तिकाएं लिखे जाने की शिकायतें आती रही हैं। कई केंद्रों के बाहर ऐसे मामले पहले पकड़े भी गए हैं। उत्तरपुस्तिकाओं पर बार कोड और मोनोग्राम होने से बाहर से लिखकर कापियां जमा करने की संभावना खत्म हो जाएगी। इस नए प्रयोग के कारण पुरानी उत्तरपुस्तिकाओं पर लिखकर जमा करने की भी गुंजाइश नहीं रहेगी। इसके अलावा बार कोड की मदद से परीक्षा के बाद कापियों की स्कैनिंग कराई जाएगी, जिससे बोर्ड को यह पता चले कि जिन उत्तरपुस्तिकाओं पर परीक्षा हुई है वह बोर्ड की ओर से भेजी गई है या किसी और माध्यम से पहुंची है।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# दैनिक जागरण लखनऊ

# काश ! अमेरिका में भी होता उत्तर प्रदेश जैसा कोविड प्रबंधन : मेलिंडा गेट्स

**साक्षात्कार**

बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह-संस्थापक मेलिंडा फ्रेंच गेट्स लगभग सात वर्षों के बाद भारत की यात्रा पर हैं। बुधवार को मेलिंडा लखनऊ में थीं। फाउंडेशन, राज्य में सरकार के साथ स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक दशक से काम कर रहा है। योगी सरकार के कोविड प्रबंधन को अमेरिका से भी बेहतर बताते हुए मेलिंडा ने कहा कि काश! वहां भी ऐसा ही सिस्टम होता। फोर्ब्स मैगजीन के अनुसार दुनिया की पांचवीं सबसे ताकतवर महिला मेलिंडा का कहना है कि यूपी के वैक्सीनेशन माडल से तो दुनियाभर को सीखना चाहिए। यूपी के साथ संबंधों को और बेहतर बनाने की मंशा रखने वाली **मेलिंडा फ्रेंच गेट्स** से दैनिक जागरण के राज्य ब्यूरो प्रमुख **अजय जायसवाल** ने बातचीत की। प्रस्तुत है प्रमुख अंश :



- **आपको यूपी कैसा लगा?**

मेलिंडा: उत्तर प्रदेश के बारे में पढ़ती तो पहले से रही हूं लेकिन यहां आकर देखना चाहती थी। समय मिला तो यहां आई हूं। यूपी का इन्फ्रास्टक्चर तेजी से बदलता दिख रहा है। सरकार के प्रति जनता के बढ़ते भरोसे से मैं काफी प्रभावित हूं। मैं मुख्यमंत्री योगी जी व अन्य महानुभावों से मिल भी रही हूं।

- **यूपी में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के कार्यो के बारे में कुछ बताइए?**

मेलिंडा: जहां तक फाउंडेशन की प्राथमिकताओं की बात है तो हम खासतौर से हेल्थ और वेलनेस के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। डिजिटल बैंकिंग और डिजिटल रेल्स के सिस्टम को आगे बढ़ाने का काम भी फाउंडेशन कर रहा है। डिजिटल बैंकिंग का सपना यूपी में अब साकार होता दिख रहा है।

- **यूपी में फाउंडेशन के निवेश की क्या स्थिति है?**

मेलिंडा: यूपी में काम करने के लिए हमारा पहला एमओयू 2012 में राज्य सरकार के साथ हुआ था जिसका नवीनीकरण वर्ष 2019 में किया गया। भारत में हमने वर्ष 2003 से अब तक तीन बिलियन डालर (लगभग 24,683 करोड़ रुपये) से अधिक का निवेश किया है इसमें से तकरीबन दो बिलियन डालर सिर्फ स्वास्थ्य के क्षेत्र में ही लगाया गया है। जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है तो यहां फाउंडेशन ने 400 मिलियन डालर (लगभग 3291 करोड़ रुपये) से अधिक का निवेश कर चुका है।

- **फाउंडेशन क्या किसी नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है?**

मेलिंडा: इसी वर्ष जून में हमारे सीईओ मुख्यमंत्री से मिले थे। मुलाकात में खासतौर से जिन विषयों पर जोर दिया गया था उनमें एएनएम की वर्कफोर्स को बढ़ाने के साथ ही उनकी ट्रेनिंग। पैरामेडिक्स की ट्रेनिंग के लिए हम फंडिंग कर रहे हैं। टेलीमेडिसिन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। कहा गया था कि एफपीओ को और सपोर्ट किया जाए ताकि बिचौलिए महिलाओं के पैसों को ना ले जा सकें। इसके लिए हम भारत को डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र में भी सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। फाउंडेशन, इम्यूनाइजेशन पर भी प्रदेशभर में काम हो रहा है। इसकी प्रगति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

- **महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में क्या कार्य कर रहे हैं?**

मेलिंडा: हमारे फाउंडेशन का अहम उद्देश्य महिला सशक्तिकरण भी है। चूंकि ज्यादातर महिलाएं यहां कृषि क्षेत्र जुड़ी हैं इसलिए हमारी कोशिश है कि उनको एफपीओ (कृषक उत्पादक संगठन) के माध्यम से मजबूत बनाएं। अब यहां महिलाओं के अपने बैंक अकाउंट हैं, जिनमें उनके अपने पैसे भी हैं। महिलाओं के हाथ में पैसा होगा तभी तो वे परिवार का सहारा बन सकती हैं।

- **क्या आप यूपी के कोविड प्रबंधन को अमेरिका से भी बेहतर मानती हैं?**

मेलिंडा: जी बिल्कुल, यूपी ने अमेरिका से बेहतर कोविड प्रबंधन किया। मैं जानना भी चाहती थी कि यूपी में वैक्सीनेशन इतनी तेजी से कैसे हुआ? सरकार ने क्या रणनीति अपनाई? किस तरह से फ्रंटलाइन वर्कर्स आशा, एएनएम ने योगदान दिया? निश्चिततौर पर यहां जिस तरह से कोविड वैक्सीन की शत-प्रतिशत पहली डोज लगाई गई वैसा दुनिया में कहीं नहीं हुआ। इसमें आशा वर्कर्स का योगदान तो सबसे अहम रहा है। मैं तो यही कहूंगी कि कोविड से निपटने के लिए काश ऐसा ही सिस्टम अमेरिका में भी होता।

# दैनिक अमर उजाला लखनऊ

## जी-20 का अध्यक्ष भारत, लैंगिंग समानता के पक्ष को कर सकता है मजबूत

लैंगिंक समानता का एजेंडा और जी-20 की अध्यक्षता को लेकर उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में दिल्ली में कई लोगों से बात की। सीएम से भी बात की है कि यह भारत के लिए बड़ा मौका है। कामकाजी महिलाओं के बढ़ने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। अब भारत इस स्थिति में है कि लैंगिक समानता के पक्ष को मजबूत करे।

## कोविड टीकाकरण और आशा वर्कर की स्वीकार्यता लाजवाब

सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके लौटीं मेलिंडा ने कहा कि कोविड टीकाकरण की पहली डोज में सौ फीसदी सफलता तो दुनिया के किसी देश ने हासिल नहीं की लेकिन उत्तर प्रदेश ने इसे पाकर खुद को साबित किया। इसने लोगों में स्वास्थ्य को लेकर एक विश्वास जगाया है। निम्न आय वर्ग ही नहीं बल्कि मध्यम आय वाले परिवारों में भी आशा वर्कर की स्वीकार्यता जिस तरह से बढ़ी है, वह आश्चर्यजनक है। मैंने इस बारे में खबरों में पढ़ा था, यहां आकर देखा कि किस तरह से आशा बहुओं का आत्मसम्मान जगा है।

## नर्सों की ट्रेनिंग के अलावा कई मुद्दों पर बात

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात पर उन्होंने कहा कि जून में हमारे सीईओ से मुख्यमंत्री ने बात की थी। एएनएम की वर्कफोर्स बढ़ाए जाने और नर्सों के प्रशिक्षण की बात हुई थी। हम प्रशिक्षण के लिए तैयार हैं, जापानी इंसेफ्लाइटिस आदि पर भी मदद कर रहे हैं। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई।

## मीडिया और युवा शक्ति मिलकर रखें बात


बालिकाओं की बेहतरी के लिए युवा शक्ति और मीडिया मिलकर काम कर सकते हैं। युवा मीडिया के माध्यम से सरकार से अधिकारों की मांग रख सकते हैं। मैंने मुख्यमंत्री से कहा कि महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने के लिए और अधिक महिला कांस्टेबल होने चाहिए।

दै0 टाइम्स ऑफ़ इंडिया लखनऊ

# Mahana urges Gates to rope in legislators

Times News Network

**Lucknow**: In a meeting with Melinda Gates, the chairperson of the Bill and Melinda Gates Foundation, UP Assembly Speaker Satish Mahana requested her to involve legislators in the social work which the Foundation is undertaking in the state.


Melinda Gates with UP Assembly Speaker Satish Mahana

Appreciating the work done by the Foundation in UP in the fields of health and nutrition, Mahana said that legislators are usually connected with people on ground and therefore, are better resource persons to know what exact issues that affect people and how they can be best resolved.

"Mrs Gates said that UP is doing commendable work and discussed ways in which we could further our collaboration. I have requested her to involve legislators in the work of the Foundation. More than officers, elected representatives are more tuned with the concerns and demands of specific areas and can assist with interventions," he said, adding that Gates had agreed to the proposal.

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 हिंदुस्तान टाइम्स  लखनऊ

# U.P. a model for world: Melinda Gates

State has achieved success in health and nutrition, says Yogi

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

**LUCKNOW:** Melinda Gates, co-founder of the Bill and Melinda Gates Foundation (BMGF), met chief minister Yogi Adityanath at his official residence here on Wednesday and lauded the efforts of the Uttar Pradesh government in the areas of health security, financial inclusion, nutrition, education and women empowerment.

"Uttar Pradesh is a model not only for India but for the whole world," Gates said, according to an official press release.

During the courtesy call, Yogi Adityanath invited Melinda Gates and her colleagues to participate in the Global Investors Summit scheduled from February 10-12, 2023.

A discussion was held on increasing technical cooperation in the fields of health, nutrition and agriculture.

Gates also praised Uttar Pradesh's efforts for Covid management and control of disease like encephalitis.

The world should learn from the manner the state vaccinated such a large population, she said. "We have been working here for a long time in the field of health and social security. It is a matter of happiness that we are able to provide facilities to the weakest and the last person of the society. We intend to further improve our relations with U.P. in the coming times," Melinda Gates said.

She said the work done for the betterment of infrastructure in the past few years was unprecedented. The development of Uttar Pradesh was wonderful and in the right direction, she added.

Yogi said under the leadership of Prime Minister Narendra Modi, India has been given the chairmanship of G20, from December 2022 to December 2023 and this period will prove to be important for the happiness, prosperity and security of the whole world.

He also said he had closely seen the works of the BMGF, which has made a commendable contribution in the field of health and nutrition. "We are grateful to the Foundation for this gesture," Yogi Adityanath said.

The chief minister emphasised that Uttar Pradesh has achieved satisfactory success in the field of health and nutrition in recent years and about 95% of the deaths of innocent children caused by a disease like encephalitis have been controlled.

Yogi said there has been a big decline in the maternal and infant mortality rate in U.P.

Referring to the efforts made for women empowerment, the chief minister said the Mission Shakti campaign focuses on women's safety, honour and self-reliance.

He said 20% posts in police recruitment have been reserved for women.

Melinda Gates praised the policies of CM Yogi and said due to his efforts, the self-confidence of women will increase.



Melinda Gates met Uttar Pradesh assembly speaker Satish Mahana on Wednesday. HT

> We have been working here for a long time in the field of health and social security. It is a matter of happiness that we are able to provide facilities to the weakest and the last person of the society
>
> **MELINDA GATES,** co-founder of the BMGF

## MELINDA MEETS U.P. ASSEMBLY SPEAKER

Melinda Gates also met Uttar Pradesh assembly speaker Satish Mahana on Wednesday.

Mahana suggested that Gates could consider participation of members of state legislative assembly in the programmes of the BMGF. The Foundation assured the speaker that it would discuss the programmes with the members.

### HWC visit

Co-chair and trustee of Bill and Melinda Gates foundation, Melinda French Gates visited the health and wellness centre (HWC) in Chhitwapur here and observed the functioning and facilities on Wednesday.

"She was at the HWC from 10.50 am till around 12 pm. Melinda interacted with the medical staff regarding the services provided to people visiting the HWC. She took note of the antenatal care, family planning, immunisation and telemedicine services being provided at the HWC," said deputy chief medical officer of Lucknow Dr AP Singh.

Chief medical officer of Lucknow Dr Manoj Agrawal and other senior officials were present during the visit. HTC

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 हिंदुस्तान टाइम्स लखनऊ

# 49 U.P. dists reach 'zero Covid' status

## Remaining 26 districts have 103 active cases

HT Correspondent
letters@htlive.com

**LUCKNOW :** As many as 49 districts in Uttar Pradesh, including Lucknow, have attained 'zero Covid' status and the remaining 26 have 103 active Covid cases, according to the state health department.

Districts that collectively have 103 active Covid cases, include Rae Bareli, Varanasi, Ghaziabad, Meerut, Kushinagar, Ambedkarnagar, Kanpur Dehat, Amroha, Etah, GB Nagar, Gonda, Gorakhpur, Jaunpur, Kannauj, Sambhal, Siddharthnagar, Sitapur, Amethi, Bulandshahr, Fatehpur, Firozabad, Jalaun, Maharajganj, Pilibhit, Pratapgarh and Shahjahanpur.

"All these districts have Covid cases in single digit and the remaining 49 do not have any Covid case," said Dr Vikasendu Agrawal, state surveillance officer (SSO), Uttar Pradesh.

"Despite no Covid case, the protocol remains the same and tests are being conducted for symptomatic patients reaching hospital," said health department officials in Lucknow.

The 'zero Covid' status is achieved when a district has three consecutive days with no new daily increases in infections. However, a district loses this status in case of even a single fresh case.

"The surveillance unit will continue its work and ensure contact tracing of any fresh Covid cases that may be reported.

"As Covid has yet not been eliminated, therefore protocol for hospitals remains the same for screening and testing suspected cases," said Dr Nishant Nirvan, district surveillance officer in health department, Lucknow.

Health experts said vaccination coverage, apart from Covid protocol including use of masks and social distancing adopted by citizens, has resulted in decline of Covid cases.

"With 100% eligible people (according to population and age data) getting a dose of Covid vaccine in Uttar Pradesh, a safety shield against the Covid infection was created that helped in checking the spread of infection," said a senior health official.

UP has till now administered 39,04,93,214 doses of Covid vaccine, including 17,69,50,222 first doses and 16,87,88,334 second doses.

In Lucknow, over 95,16,245 lakh doses of Covid vaccine have been administered.

This includes 45,68,563 first doses and 40,20,197 second doses.

The state has conducted 126304630 Covid tests since the pandemic began and is conducting over 25,000 tests daily.

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 हिंदुस्तान टाइम्स लखनऊ

# PM to adopt another village in Varanasi

HT Correspondent
letters@htlive.com



**VARANASI:** Situated at a distance of 18 kilometres from the district headquarters, Kurhua village is now poised for development, as it will be the next to be adopted village by Prime Minister Narendra Modi under Sansad Adarsh Gram Yojna, in his parliamentary constituency Varanasi.

District administration officials, who are camping in the village to chalk out the blueprint of the development works to be carried out, said the village had been proposed by the PM himself under Sansad Adarsh Gram Yojna for financial year 2023-2024.

Himanshu Nagpal, chief development officer (CDO) said officials were preparing the village development plan. They had been directed to upload the plan on the portal of the District Rural Development Agency (DRDA) at the earliest.

Once this was done, the officials said the village would be linked to the mainstream of development. Some of the development works include availability of fresh potable water, bitumen roads, electricity supply, school, health facilities, cleanliness, opening of banks and ATMs etc that would transform Kurhua into one of the most developed villages.

The PM's proposal has brought smiles on the faces of the villagers. "It's a dream come true for us. Presently, the village is in a bad shape. Be it the availability of potable water, roads, school, health facilities or any other basic amenity, living here is no less than a struggle. We are expecting a sea change now," said Ramesh Singh, village head, Kurhua. Other villagers too hailed the decision and celebrated the day, saying that their struggle had come to an end.

**SO FAR, THE PM HAS ADOPTED SEVEN VILLAGES: JAYAPUR, NAGEPUR, KAKRAHIYA, DOMRI, PARAMAPUR, PURE BARIYAR AND PURE GAON**



**Kurhua is going to be next in the series of villages adopted by PM Narendra Modi in his constituency Varanasi.** RAJESH KUMAR

Prior to Kurhua, the villages of Sewapuri Block had been shortlisted under Adarsh Gram Yojna for the financial year 2022-2023. So far, the Prime Minister has adopted as many as seven villages which include Jayapur, Nagepur, Kakrahiya, Domri, Paramapur, Pure Bariyar and Pure Gaon.

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश